www.pradeshkihalchal.org
दैनिक प्रदेश की हलचल

# खाता धारकों के खातों को सुरक्षित एवं प्रचलित रखने के लिये री-केवायसी




**प्रदेश की हलचल, विदिशा ।** ग्राम पंचायत खामखेडा में भारतीय स्टेट बैंक एवं मप्र ग्रामीण बैंक द्वारा जन सुरक्षा कैंप लगाया गया जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के महाप्रबंधक हेमंत सोनी तथा भारतीय रिजर्ब बैंक के एलडीओ नवनीत तिवारी, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विनय कुमार, लीड बैंक प्रबंधक भगवान सिंह बघेल, जनपद सदस्य आनंद वघेल एवं ग्राम पंचायत सरपंच मनोज सोलंकी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जनपद सदस्य आनंद बघेल द्वारा मुख्य अतिथियों को साफा पहनाकर उनका स्वागत एवं सम्मानित किया गया। कैंप के दौरान आरबीआई के महाप्रबंधक हेमंत सोनी ने कैम्प में उपस्थित ग्राहकों एवं आम जन को बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के नियम के अनुसार 10 साल बाद खाते को अपडेट किया जाता है अपडेट करने के लिए री-केवायसी बहुत आवश्यक है अगर हम केवायसी नही करवाएंगे तो हमारा खाता असुरक्षित हो जाएगा 10 मिनिट की बहुत साधारण प्रक्रिया है, कियोस्क सेंटर पर पहुंचकर केवायसी कराना होता है। खाते मे केवायसी नहीं होने पर शासन द्वारा मिलने बाली हितग्राही मूलक योजनाओं का पैसा खाते मे आ तो जाएगा किंतु हितग्राही खाते से पैसा निकाल नहीं पायेगा इस लिये री- केवायसी कराना अति महत्वपूर्ण है।